प्रेस विज्ञप्ति

राज भवन, राँची

दिनांक: 18 अक्टूबर, 2024 :

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से राज्य के पूर्व मंत्री श्री राधाकृष्णन किशोर ने आज राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के प्रबंधन विभाग (स्कूल ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज) के अंतर्गत HR विषय में संविदा शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में कथित अनियमितताओं के संबंध में राज्यपाल महोदय का ध्यान आकृष्ट कराया।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से भारतीय मौसम विज्ञान विभाग, रांची के प्रमुख श्री अभिषेक आनंद ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर श्री आनंद ने भारतीय मौसम विज्ञान विभाग की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में रांची में आयोजित होने वाले कार्यक्रम हेतु राज्यपाल महोदय को आमंत्रित किया।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से विश्व हिन्दू परिषद, झारखण्ड प्रदेश का शिष्टमंडल प्रांत अध्यक्ष श्री चन्द्रकान्त रायपत के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की तथा विभिन्न विषयों से संबंधित एक ज्ञापन राज्यपाल महोदय को समर्पित किया। ज्ञापन में झारखण्ड हिन्दू धार्मिक ट्रस्ट बोर्ड को समाप्त करने और हिन्दू देवी-देवताओं के मंदिरों को राज्य के नियंत्रण से मुक्त करने के लिए पहल करने का आग्रह किया गया।

---

(4) माननीय राज्यपाल-सह-झारखण्ड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति श्री संतोष कुमार गंगवार से आज राँची विश्वविद्यालय, राँची के कुलपति डॉ० अजीत कुमार सिन्हा ने राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर कुलपति ने राज्यपाल महोदय को विश्वविद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी।

राज्यपाल महोदय द्वारा विश्वविद्यालय को एकेडमिक कैलेंडर का सख्ती से पालन करने और शैक्षणिक योजनाओं को समयबद्ध व प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के लिए निदेश दिया गया।

---

(5) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज झारखण्ड यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स का एक प्रतिनिधिमंडल ने श्री शिव कुमार के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने पत्रकारों के कल्याण और सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर ध्यान आकृष्ट करते हुए एक ज्ञापन राज्यपाल महोदय को समर्पित किया।

---

(6) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज अखिल भारतीय रौतिया समाज विकास परिषद के एक शिष्टमंडल ने श्री राम शंकर सिंह के नेतृत्व में राज भवन में भेंट की। इस अवसर पर शिष्टमंडल ने रौतिया जाति को अनुसूचित जनजाति (ST) की सूची में सम्मिलित करने हेतु राज्यपाल महोदय से पहल करने का आग्रह किया।